● **सुनो, समझो और गाओ :**

१५. नीला अंबर

–डॉ. हनुमंत नायडू

जन्म : १९३३ **मृत्यु :** २६ फरवरी १९९८ **रचनाएँ :** 'नीला अंबर साथी मेरा' और 'बंबई की कहानी' इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं ।
परिचय : डॉ. हनुमंत नायडू तेलुगु भाषी हिंदी साहित्यकार हैं ।
इस कविता में प्रकृति की विशेषताएँ एवं प्रकृति से मानव का सहसंबंध बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया है ।

5CZ1JH

अध्ययन कौशल

वायुमंडलीय स्तर की आकृति बनाओ और नामांकित करो ।



नीला अंबर साथी मेरा,
सागर मेरा मीत है ।
ऊँचा पर्वत साहस मेरा,
मन मेरा नवनीत है ।।

उगता सूरज दीपक मेरा,
चंदा मेरा प्यार है ।
हर बदली मेरी करुणा है,
खुशियाँ खिली बहार है ।।

आँधी की वीणा है मेरी,
तूफानों का गीत है ।
नीला अंबर साथी मेरा,
सागर मेरा मीत है ।।

पंछी रंग-बिरंगे सपने,
कली-कली मुसकान है ।
हर घर मेरा मंदिर-मस्जिद,
हर मानव भगवान है ।।

❑ कविता का सस्वर पाठ करें । प्रकृति तथा मानव के सहसंबंध को स्पष्ट करें । दो-दो पंक्तियों का वाचन कराएँ । पंक्तियों का भावार्थ स्पष्ट करें । प्रश्नोत्तर के माध्यम से विद्यार्थियों को पूरी कविता का आशय समझाएँ ।

खोजबीन

पुस्तक की यात्रा शुरू से अब तक कैसे हुई, अंतरजाल की सहायता से खोजो ।



इस बगिया के फूल-फूल क्या,
काँटों तक से प्रीत है ।
नीला अंबर साथी मेरा,
सागर मेरा मीत है ।।

यह धरती मेरी माता है,
मैं धरती का पूत हूँ ।
नवयुग की हर नई सुबह का,
मैं ही पहला दूत हूँ ।।

मेरी राहें लिए आरती,
गले लगाती जीत है ।
नीला अंबर साथी मेरा,
सागर मेरा मीत है ।।

मैंने समझा

शब्द वाटिका

नए शब्द
अंबर = आकाश
मीत = मित्र
नवनीत = मक्खन
बदली = छोटा-सा बादल
पूत = बेटा
मुहावरे
गले लगाना = प्यार से मिलना

स्वयं अध्ययन

पक्षीमित्र डॉ. सलीम अली के बारे में जानकारी इकट्ठा करो ।

विचार मंथन

।। जीवदया ही भूतदया है ।।

सुनो तो जरा

कोई हास्य कविता सुनो और सुनाओ ।

बताओ तो सही

अपने देखे हुए किसी मजेदार सपने के बारे में बताओ ।

वाचन जगत से

कविवर सुमित्रानंदन पंत की कोई कविता पढ़ो और किन्हीं चार पंक्तियों का सुलेखन करो ।

मेरी कलम से

विद्‍यालय के पर्यटन संबंधी एक सूचना पत्र बनाओ ।

✻ कविता की पंक्तियाँ पूरी करो ।

१. उगता सूरज	२. यह धरती ....
....	....
....	....
.... बहार है ।	.... दूत है ।

जरा सोचो तो ... बताओ

यदि संगीत न हो तो .....

सदैव ध्यान में रखो

प्राकृतिक संपदाओं की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है ।

भाषा की ओर

दिए गए उपसर्ग लगाकर नए शब्द रेल की खिड़की में तथा नीचे दिए गए शब्दों से उपसर्ग अलग कर पहियों में लिखो ।



* पुनरावर्तन * १

१. रेडियो पर प्राणी/पक्षी संबंधी गीत सुनो ।

२. प्रथमोपचार पेटी में क्या-क्या होता है, बताओ ।

३. 'संतुलित आहार' संबंधी पत्रिका पढ़ो ।

४. अपने विद्यालय में मनाए गए राष्ट्रीय पर्व का कोई प्रसंग लिखो ।

५. अक्षर समूहों में से संत कवियों के नाम ढूँढ़ो और लिखो :

स	र	न	खा	----------
ने	र	श्व	ज्ञा	----------
दा	र	सू	स	----------
री	बि	हा		----------
व	म	दे	ना	----------

उपक्रम/प्रकल्प

विद्यालय में पहले दिन के अपने अनुभव सुनाओ ।	अब तक प्रकृति से क्या-क्या सीखा बताओ ।	प्रति सप्ताह हिंदी के सुवचनों को पढ़ो ।	अपने राज्य के प्रमुख स्थलों के नाम और उनकी विशेषताएँ लिखो ।

✻ पुनरावर्तन ✻२

१. मित्रों के साथ की गई किसी वन की सैर का वर्णन सुनाओ ।

२. अपने विद्‌यालय के खेल विभाग से संबंधित जानकारी बताओ ।

३. रविवारीय समाचार पत्र से बाल कविताएँ पढ़ो ।

४. 'मैंने सबक सीखा' इस शीर्षक से अपने जीवन का कोई रोचक प्रसंग लिखो ।

५. अक्षर समूह में से खिलाड़ियों के नाम बताओ और लिखो ।

इ	ह	ना	सा	ल	वा	ने		________
पा	वा	था	शि					________
ह	को	ट	वि	ली	रा			________
भि	व	अ	बिं	न	द्रा			________
बी	जॉ	जू	र्ज	अं	बॉ			________
नि	मि	सा	र्जा	या				________
ना	आ	न	वि	थ	द	श्व	नं	________

उपक्रम/प्रकल्प

भारत की दस विशेषताओं को सुनाओ ।	अपने शब्द भंडार में कितने नए शब्द जोड़े बताओ ।	प्रति सप्ताह निबंध संग्रह से वर्णनात्मक निबंध पढ़ो ।	मासांत के दिन हिमालय की शिखरों के नामों की सूची बनाओ ।